श्याम चंदा है श्यामा चकोरी बड़ी सुंदर है दोनों की जोड़ी

श्याम चंदा है श्यामा चकोरी,
बड़ी सुंदर है दोनों की जोड़ी,

मोर मुकुट पीतांबर धरैइयां,
मुरलीधर है यह कृष्ण कन्हैया,
नीलांबर धर है भानु किशोरी ..
बड़ी सुंदर है दोनों की जोड़ी

श्याम रसिया है श्यामा रसीली,
कृष्ण छलिया है राधा शर्मीली,
कृष्ण काला है राधा है गोरी,
बड़ी सुंदर है दोनों की जोड़ी

गिरधर गोपाल गोकुल का राजा,
बृज की सरकार है रानी राधा,
प्राणजीवन परम धन तिजोरी ,
बड़ी सुंदर है दोनों की जोड़ी

दोनों ही रूप रस की है की है धारा,
जिसमें डूबा है संसार सारा,
नंद नंदन के भानु की किशोरी,
बड़ी सुंदर है दोनों की जोड़ी

दोनों में प्रेम है इतना ज्यादा,
राधा मोहन तो मोहन है राधा,
कृष्ण मन का 'मधुप' राधा गोरी ,
बड़ी सुंदर है दोनों की जोड़ी

स्वर : भैया राजू कटारिया मोगा/बरसाना
संपर्क : 98140 65320

कवि : सुप्रसिद्ध लेखक एवं संकीर्तनाचार्य श्री केवल कृष्ण **'मधुप'** (मधुप हरि जी महाराज) अमृतसर (9814668946)

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/12059/title/shyam-chanda-hai-shyama-chakori-badi-sunder-hai-dono-ki-jodi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |